रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 27/12/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** **लिटमस पेपर के अलावा निम्नलिखित में से किस 'सूचक' का उपयोग विलयनों की प्रकृति का परीक्षण करने के लिए किया जाता है?**

**Ans**
- ✗ A. चीनी और जल
- ✓ B. हल्दी और लाल पत्तागोभी का रस
- ✗ C. साधारण नमक और सिरका
- ✗ D. रेत और ऐल्कोहॉल

**Q.2** **निम्नलिखित में से कौन-सा कोलाइडल विलयन का लक्षण है?**

**Ans**
- ✗ A. कण सूक्ष्मदर्शी के नीचे अदृश्य होते हैं
- ✗ B. कणों को निस्यंदन द्वारा अलग किया जा सकता है
- ✓ C. कण प्रकाश की किरण को प्रकीर्णित कर देते हैं
- ✗ D. शांत रहने पर कण नीचे बैठ जाते हैं

**Q.3** **एक धारावाही सीधे चालक को एकसमान चुंबकीय क्षेत्र के समांतर रखा गया है। चालक पर लगने वाला बल___________ होगा।**

**Ans**
- ✓ A. शून्य
- ✗ B. अनंत
- ✗ C. अधिकतम
- ✗ D. अधिकतम का आधा

**Q.4** **किसी पुष्प के मादा जनन भाग के मध्य दीर्घित भाग को क्या कहा जाता है?**

**Ans**
- ✗ A. वर्तिकाग्र (Stigma)
- ✗ B. परागकण (Pollen grain)
- ✓ C. वर्तिका (Style)
- ✗ D. अंडाशय (Ovary)

**Q.5** **कौन-सा गुण निलंबन को कोलॉइड से सबसे स्पष्ट रूप से विभेदित करता है?**

**Ans**
- ✗ A. प्रदीप्ति में प्रकाश प्रकीर्णन का अभाव
- ✓ B. गुरुत्वाकर्षण बल के प्रभाव में कणों का जमाव
- ✗ C. सहसंयोजक विलेय-विलायक आबंधों का निर्माण
- ✗ D. मिश्रण की समांगता

**Q.6** न्यूटन (N), बल का SI मात्रक है। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प एक न्यूटन (N) को मूल SI मात्रकों (किलोग्राम, मीटर और सेकंड) के रूप में व्यक्त करता है?

**Ans**
- ✗ A. kg.m.s
- ✗ B. kg.m2/s
- ✓ C. kg.m/s2
- ✗ D. kg/m2.s

**Q.7** जब आप किसी वृक्ष को हिलाते हैं, तो फल ________ के कारण गिरते हैं।

**Ans**
- ✗ A. वायु दाब
- ✓ B. गुरुत्व और विराम के जड़त्व
- ✗ C. केवल गुरुत्व
- ✗ D. गति के जड़त्व

**Q.8** चेहरे की त्वचा मुख्य रूप से किस उपकला ऊतक से बनी होती है?

**Ans**
- ✗ A. पक्ष्माभी (Ciliated)
- ✗ B. घनाभाकार (Cuboidal)
- ✓ C. शल्की (Squamous)
- ✗ D. स्तंभाकार (Columnar)

**Q.9** दाहिने हाथ के अंगूठे के नियम के अनुसार, यदि अंगूठा धारा की दिशा में इंगित करता है, तो उंगलियां क्या दर्शाती हैं?

**Ans**
- ✗ A. विद्युत बल की दिशा
- ✓ B. चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं की दिशा
- ✗ C. प्रतिरोध की दिशा
- ✗ D. वोल्टेज की दिशा

**Q.10** निम्नलिखित में से कौन-सा रासायनिक परिवर्तन है?

**Ans**
- ✓ A. पेट्रोल का दहन
- ✗ B. बर्फ पिघलना
- ✗ C. जल का वाष्पीकरण
- ✗ D. नमक और जल का मिश्रण

**Q.11** दूध के नमूने की शुद्धता निर्धारित करने के लिए निम्नलिखित में से किस यंत्र का उपयोग किया जाता है?

**Ans**
- ✓ A. लैक्टोमीटर
- ✗ B. बैरोमीटर
- ✗ C. हाइड्रोमीटर
- ✗ D. थर्मामीटर

**Q.12** विद्युत अपघटनी शोधन में अशुद्ध धातु का उपयोग निम्नलिखित में से किसके रूप में किया जाता है?

**Ans**
- ✓ A. एनोड
- ✗ B. कैथोड
- ✗ C. इलेक्ट्रोलाइट
- ✗ D. लवण

**Q.13** छोटे कमरे में प्रतिध्वनि स्पष्ट रूप से न सुनाई देने का मुख्य कारण क्या होता है?

**Ans**
- ✗ A. ध्वनि बहुत धीमी गति से यात्रा करती है
- ✓ B. मूल ध्वनि और प्रतिध्वनि के बीच का समय अंतराल बहुत छोटा है
- ✗ C. कम दूरी पर ध्वनि की तीव्रता बहुत तेज़ी से कम हो जाती है
- ✗ D. ध्वनि की आवृत्ति बहुत अधिक है

**Q.14** 500 g द्रव्यमान का एक पत्थर ज़मीन से 20 m की ऊँचाई तक उठाया जाता है। इसकी स्थितिज ऊर्जा में वृद्धि क्या है?

($g=10\ m/s^2$ लीजिए)

Ans
- ✗ A. 50 J
- ✓ B. 100 J
- ✗ C. 150 J
- ✗ D. 200 J

**Q.15** सजीवों में कोशिकाएं अपने कार्य के अनुसार आकृति और आमाप में भिन्न होती हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन कोशिका की आकृति और उसके कार्य की सही तुलना करता है?

Ans
- ✗ A. लाल रक्त कोशिका - लंबी और शाखित, संदेश प्रेषित करती हैं
- ✗ B. तंत्रिका कोशिका - गोल आकृति, भोजन संग्रहित करती हैं
- ✓ C. अमीबा - अनियमित आकृति, गति और भोजन ग्रहण करने में सहायक हैं
- ✗ D. पेशी कोशिका - चपटी और डिस्क-आकृति, ऑक्सीजन वहन करती हैं

**Q.16** जब कोई धातु किसी अम्ल के साथ अभिक्रिया करती है, तो सामान्यतः क्या उत्पादित होता है?

Ans
- ✗ A. लवण और ऑक्सीजन
- ✓ B. लवण और हाइड्रोजन गैस
- ✗ C. केवल लवण
- ✗ D. लवण और जल

**Q.17** निष्कर्षण से पहले अयस्क के संवर्धन (enrichment) का उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✗ A. नमी दूर करना
- ✓ B. अशुद्धियों को दूर करना
- ✗ C. वजन बढ़ाना
- ✗ D. इसे लवण में बदलना

**Q.18** निम्नलिखित में से कौन-सा कारक वायुमंडल में ओजोन परत को अधिक क्षति पहुंचाता है?

Ans
- ✗ A. मेथेन
- ✓ B. क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFCs)
- ✗ C. ऑक्सीजन
- ✗ D. कार्बन डाइऑक्साइड

**Q.19** बीज प्रक्षेपण की प्रक्रिया ____________ में सहायक होती है।

Ans
- ✗ A. बीज का आकार बढ़ाने
- ✓ B. पौधों के नए भौगोलिक परिवेशों में उगने
- ✗ C. एक ही पौधे पर नए फूल उगाने
- ✗ D. स्व-परागण को बढ़ावा देने

**Q.20** एक वस्तु को 10 cm फोकस दूरी वाले उत्तल लेंस से 40 cm की दूरी पर इस प्रकार रखा गया है कि उसका प्रतिबिंब लेंस से X cm की दूरी पर बनता है। X का मान कितना है?

Ans
- ✓ A. +40/3
- ✗ B. −40/3
- ✗ C. +8
- ✗ D. -8

**Q.21** कौन सा कथन घ्राण सूचक का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

**Ans**

✗ A. एक ठोस जो अम्ल और क्षार दोनों में घुल जाता है

✓ B. एक पदार्थ जो अम्ल और क्षार में गंध बदलता है

✗ C. एक तरल जो सभी विलयनों में रंग बदलता है

✗ D. एक गैस जो केवल मजबूत अम्लों के साथ प्रतिक्रिया करती है

**Q.22** वह घटना जिसमें पादपों के विभिन्न भाग, जैसे जड़, तना और पत्तियां, उपयुक्त परिस्थितियों में नए पादपों में विकसित होते हैं, _________ कहलाता है।

**Ans**

✗ A. लैंगिक जनन

✗ B. निषेचन

✓ C. कायिक प्रवर्धन

✗ D. पुनरुद्भवन

**Q.23** एक गोलीय दर्पण का उपयोग करके आभासी, सीधा और बड़ा प्रतिबिंब प्राप्त करने के लिए, वस्तु को _____________ पर रखा जाना चाहिए।

**Ans**

✗ A. उत्तल दर्पण के मुख्य फोकस (F) पर

✓ B. अवतल दर्पण के ध्रुव (P) और मुख्य फोकस (F) के बीच

✗ C. अवतल दर्पण के वक्रता केंद्र (C) पर

✗ D. अवतल दर्पण के मुख्य फोकस (F) पर

**Q.24** जैवनिम्नीकरणीय पदार्थों का क्या होता है, जब उन्हें पर्यावरण में मुक्त किया जाता है?

**Ans**

✗ A. वे विषैले रसायनों में परिवर्तित हो जाते हैं।

✓ B. वे सरल घटकों में विच्छिन्न हो जाते हैं।

✗ C. वे ओजोन परत को नष्ट करते हैं।

✗ D. वे हमेशा के लिए बने रहते हैं।

**Q.25** रूक्ष ER (RER) को चिकनी ER (SER) से क्या पृथक करता है?

**Ans**

✓ A. RER पर राइबोसोम की उपस्थिति, SER पर अनुपस्थिति

✗ B. RER पर क्लोरोफिल की उपस्थिति, SER पर अनुपस्थिति

✗ C. RER में झिल्लियों की अनुपस्थिति, SER में उपस्थिति

✗ D. RER में प्रोटीन की अनुपस्थिति, SER में उपस्थिति

## Section : Mathematics

**Q.26** यदि किसी गोले की त्रिज्या 37.5% बढ़ा दी जाए, तो उसका पृष्ठीय क्षेत्रफल 35,112 $cm^2$ बढ़ जाता है। गोले का मूल पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

**Ans**

✓ A. 39,424 cm2

✗ B. 39,444 cm2

✗ C. 39,394 cm2

✗ D. 39,414 cm2

**Q.27** $\left(1 - \frac{1}{\cos\theta}\right)\left(\frac{1 + \sec\theta}{\tan^2\theta}\right)$ को सरल करें।

**Ans**

✗ A. 1

✗ B. tanθ

✓ C. −1

✗ D. −tanθ

**Q.28** एक लड़की 45 km/h की चाल से स्कूल जाती है और वह 36 km/h की चाल से वापस आती है। पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. 40 km/h
- ✘ B. 42 km/h
- ✘ C. 33 km/h
- ✘ D. 38 km/h

**Q.29** एक दुकानदार एक वस्तु ₹850 में खरीदता है, उसकी मरम्मत पर ₹200 खर्च करता है और उसे ₹1,200 में बेच देता है। उसका लाभ प्रतिशत कितना है (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित)?

**Ans**
- ✘ A. 13.29%
- ✔ B. 14.29%
- ✘ C. 13.79%
- ✘ D. 14.79%

**Q.30** △ABC में, बिंदु D पर BD ⊥ AC है और ∠DBC = 80° है। BC पर एक बिंदु E इस प्रकार है कि ∠CAE = 37° है। ∠AEB की माप कितनी होगी?

**Ans**
- ✘ A. 49°
- ✔ B. 47°
- ✘ C. 45°
- ✘ D. 40°

**Q.31** एक टॉय ट्रक का अंकित मूल्य ₹8,810 है और इसका विक्रय मूल्य ₹6,250 है। छूट प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

**Ans**
- ✘ A. 31.08%
- ✘ B. 27.41%
- ✔ C. 29.06%
- ✘ D. 32.51%

**Q.32** एक छात्र ने एक परीक्षा में पूर्णांक x में से 300 अंक प्राप्त किए। यदि वही प्रतिशत अंक पूर्णांक 400 वाली परीक्षा में लागू किए जाते, तो उसे 200 अंक प्राप्त होते। मूल परीक्षा के पूर्णांक कितने थे?

**Ans**
- ✘ A. 500
- ✘ B. 700
- ✔ C. 600
- ✘ D. 800

**Q.33** यदि P, 22 और 8 का चतुर्थानुपाती 11 है, तो P का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. 19
- ✔ B. 16
- ✘ C. 15
- ✘ D. 13

**Q.34** ₹5,177 को A, B और C के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि यदि उनके क्रमशः हिस्सों से ₹72, ₹21 और ₹24 काट लिए जाएँ तो उनके पास 3 : 13 : 7 के अनुपात में रुपये होंगे। B और C के मूल हिस्सों के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. ₹1,470
- ✔ B. ₹1,317
- ✘ C. ₹1,420
- ✘ D. ₹1,220

Q.35 निम्नलिखित व्यंजक को सरल कीजिए।

$(5x + 3y)^2 - (5x - 3y)^2$

Ans
- ✗ A. 90xy
- ✗ B. 120xy
- ✗ C. 30xy
- ✓ D. 60xy

Q.36 एक माता की वर्तमान आयु उसके पुत्र की वर्तमान आयु से दोगुनी है। यदि अब से 24 वर्ष बाद उनकी आयु का अंतर 20 है, तो उनकी वर्तमान आयु (वर्षों में) क्रमशः ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 46, 23
- ✓ B. 40, 20
- ✗ C. 54, 28
- ✗ D. 38, 19

Q.37 प्रथम 13 सम प्राकृत संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 13
- ✗ B. 15
- ✗ C. 11
- ✓ D. 14

Q.38 तरुण अपने घर से अपनी सामान्य चाल के $\frac{5}{8}$ से चलता है, तो अपने कार्यालय 21 मिनट देरी से पहुँचता है।
अपने घर और कार्यालय के बीच की दूरी तय करने में उसे सामान्यतः कितना समय लगता है?

Ans
- ✗ A. 28 मिनट
- ✗ B. 29 मिनट
- ✗ C. 37 मिनट
- ✓ D. 35 मिनट

Q.39 प्रेक्षणों 26, 26, 22, 21, 31, 24, 21, 28, 28, 30, 33, 22, 25, 23 और 21 का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 21
- ✗ B. 26
- ✗ C. 28
- ✗ D. 22

Q.40 एक ठेकेदार 74 दिनों में किसी कार्य को पूरा करने के लिए सहमत हो गया। उसने काम करने के लिए 21 लोगों को नियुक्त किया, लेकिन केवल एक-चौथाई काम 32 दिनों में पूरा हुआ। शेष काम को निर्धारित समय के भीतर पूरा करने के लिए उसे कितने अतिरिक्त लोगों को नियुक्त करना होगा?

Ans
- ✓ A. 27
- ✗ B. 25
- ✗ C. 24
- ✗ D. 22

Q.41 यदि किसी गोले की त्रिज्या 10 cm है, तो उसका पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना होगा?

Ans
- ✓ A. 400 π cm2
- ✗ B. 341 π cm2
- ✗ C. 336 π cm2
- ✗ D. 200 π cm2

Q.42 किसी कुर्सी का अंकित मूल्य ₹4,000 है और एक निश्चित छूट के बाद उसे ₹3,600 में बेचा जाता है। यदि दुकानदार को फिर भी 20% का लाभ होता है, तो कुर्सी का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹2,800
- ✗ B. ₹3,200
- ✗ C. ₹3,400
- ✓ D. ₹3,000

Q.43 यदि 5.12 × 50625 × 0.5488 = $2^a3^b5^c7^d$ है, तो a + b + c + d का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 10
- ✓ B. 12
- ✗ C. 14
- ✗ D. 23

Q.44 20 फरवरी 2024 से 21 अप्रैल 2024 तक की अवधि के लिए ₹4,000 पर 6% वार्षिक ब्याज दर से साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 38
- ✓ B. 40
- ✗ C. 41
- ✗ D. 39

Q.45 एक चुनाव में 12,000 मतदाता थे। पहले दौर में, बबीता को 40% वोट मिले और रमनलाल को 35% वोट मिले। शेष वोट अन्य उम्मीदवारों को मिले। दूसरे दौर में, बबीता को पहले दौर की तुलना में 20% अधिक वोट मिले, जबकि रमनलाल को 10% अधिक वोट मिले। दूसरे दौर में बबीता को कितने वोट मिले?

Ans
- ✓ A. 5,760
- ✗ B. 6,000
- ✗ C. 5,600
- ✗ D. 6,400

Q.46 राम ने 24, 36 या 40 मोतियों से हार इस प्रकार बनाए कि एक भी मोती शेष न रहे। राम के पास कम से कम कितने मोती हो सकते थे?

Ans
- ✗ A. 280
- ✗ B. 320
- ✗ C. 420
- ✓ D. 360

Q.47 एक परीक्षा में, पूर्णांक 85 में से B को 50 अंक मिले जबकि A को 80 अंक मिले। B के अंक A के अंकों के कितने प्रतिशत थे?

Ans
- ✓ A. 62.5%
- ✗ B. 85%
- ✗ C. 94.12%
- ✗ D. 160%

Q.48 प्रथम 19 अभाज्य संख्याओं का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 564
- ✓ B. 568
- ✗ C. 571
- ✗ D. 570

**Q.49** A, B और C किसी कार्य को क्रमशः 2, 15 और 10 दिन में पूरा कर सकते हैं। एक साथ काम करते हुए, उसी कार्य का दोगुना कार्य करने में उन्हें कितना समय (दिन में) लगेगा?

**Ans**
- ✗ A. 6
- ✗ B. 9
- ✗ C. 4
- ✓ D. 3

**Q.50** यदि किसी संख्या के $\frac{4}{7}$ के 20% का 40%, 336 है, तो वह संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 8120
- ✓ B. 7350
- ✗ C. 7630
- ✗ D. 8190

## Section : General Intelligence and Reasoning

**Q.51** छह व्यक्ति, A, B, C, D, E और F, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। F, A के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। C, D के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। C, A का निकटतम पड़ोसी है। B, E के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। E और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
- ✗ A. तीन
- ✗ B. एक भी नहीं
- ✓ C. एक
- ✗ D. दो

**Q.52** दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

412 414 418 424 432 ?

**Ans**
- ✗ A. 441
- ✗ B. 439
- ✗ C. 445
- ✓ D. 442

**Q.53** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'TOUR' को '8571' और 'DOUT' को '5478' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'D' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
- ✗ A. 7
- ✓ B. 4
- ✗ C. 8
- ✗ D. 5

**Q.54** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ A. XU–YV
- ✗ B. AX–BY
- ✓ C. DA–DD
- ✗ D. NK–OL

| | | |
|---|---|---|
| Q.55 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br><br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) | |
| Ans | ✗ A. FBE<br>✗ B. WSV<br>✗ C. RNQ<br>✓ D. ZVX | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.56 | निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।<br>JOYS - YJOS - SYOJ<br>LAKE - KLAE - EKAL | |
| Ans | ✓ A. QUAD - AQUD - DAUQ<br>✗ B. KIND - NKID - INDK<br>✗ C. HALT - HLAT - TLAH<br>✗ D. ICED - CIED - DCEI | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.57 | आठ व्यक्ति – A, B, C, D, E, F, G और H, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C, A के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। D के दाईं ओर से गिनने पर C और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D के बाईं ओर से गिनने पर D और E के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। H, E के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। B, D का निकटतम पड़ोसी नहीं है। F, G के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। F के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है? | |
| Ans | ✗ A. A<br>✗ B. B<br>✗ C. C<br>✓ D. E | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.58 | यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>29 ÷ 13 + 545 × 5 − 317 = ? | |
| Ans | ✗ A. 566<br>✓ B. 585<br>✗ C. 504<br>✗ D. 519 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.59 | किंजल अपनी कक्षा में ऊपर से 21वें स्थान पर और नीचे से 12वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं? | |
| Ans | ✗ A. 33<br>✓ B. 32<br>✗ C. 31<br>✗ D. 30 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.60 | निम्नलिखित संख्या, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) * © 2 1 £ 2 6 2 £ © @ % £ $ 4 $ $ $ @ $ 1 4 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद एक प्रतीक है? | |
| Ans | ✗ A. 4<br>✓ B. 2<br>✗ C. 1<br>✗ D. 3 | |

Q.61 छह व्यक्ति, D, E, F, G, H और I, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। H, F के ठीक दाईं ओर पड़ोस में और D के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। E, F के दाईं ओर बैठा है और उनके बीच तीन व्यक्ति बैठे हैं। G, E के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। I, E के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

Ans
- ✗ A. FH
- ✗ B. EI
- ✗ C. DG
- ✓ D. HE

Q.62 संयुक्ता बिंदु H से चलना शुरू करती है और पूर्व की ओर 8 km चलती है। फिर वह दाएं मुड़ती है, 7 km चलती है, फिर दाएं मुड़कर 10 km चलती है। फिर वह दाएं मुड़कर 11 km चलती है। वह अंत में दाएं मुड़ती है, 2 km चलती है और बिंदु P पर रुकती है। बिंदु H तक दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए?

(नोट: सभी मोड़ केवल 90° के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।)

Ans
- ✗ A. उत्तर की ओर 5 km
- ✗ B. उत्तर की ओर 7 km
- ✗ C. पश्चिम की ओर 6 km
- ✓ D. दक्षिण की ओर 4 km

Q.63 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

25 32 41 52 65 ?

Ans
- ✗ A. 81
- ✗ B. 82
- ✗ C. 79
- ✓ D. 80

Q.64 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

94 – 115 × 5 + 14 ÷ 7 = ?

Ans
- ✓ A. 19
- ✗ B. 16
- ✗ C. 18
- ✗ D. 14

Q.65 सभी 92 व्यक्ति एक पंक्ति में, उत्तर की अभिमुख होकर खड़े हैं। श्री अक्ते बाएं छोर से 9वें स्थान पर हैं जबकि श्री मेमी दाएं छोर से 27वें स्थान पर हैं। श्री अक्ते और श्री मेमी के बीच कितने व्यक्ति हैं?

Ans
- ✓ A. 56
- ✗ B. 57
- ✗ C. 55
- ✗ D. 54

Q.66 निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)

(बाएं) 7 4 1 2 4 9 8 5 3 6 1 5 4 6 5 4 8 3 9 6 5 2 3 9 1 4 2 (दाएं)

यदि शृंखला से सभी विषम संख्याएं हटा दी जाएँ, तो निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या बायीं ओर से छठी होगी?

Ans
- ✗ A. 6
- ✗ B. 2
- ✗ C. 8
- ✓ D. 4

Q.67 एक निश्चित कूट भाषा में, 'seek new hope' को 'dp ml vy' और 'hope fuels dreams' को 'gj sc dp'. लिखा जाता है। दी गई भाषा में 'hope' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans
- ✗ A. sc
- ✗ B. gj
- ✗ C. vy
- ✓ D. dp

Q.68 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की माता है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'।

यदि 'X + Y – Z × W ÷ T' है, तो X का T से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पुत्री का पुत्र
- ✗ B. पुत्र
- ✗ C. भाई
- ✓ D. पिता

Q.69 नवांग बिंदु A से शुरू करके दक्षिण की ओर 16 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 13 km गाड़ी चलाता है, फिर दाएं मुड़ता है और 17 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 19 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है,1 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए?

(नोट: जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° के हैं।)

Ans
- ✓ A. 6 km पश्चिम में
- ✗ B. 5 km पश्चिम में
- ✗ C. 4 km पश्चिम में
- ✗ D. 3 km पश्चिम में

Q.70 उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(14, 30, 56)
(20,36, 68)

Ans
- ✗ A. (26, 10, 16)
- ✓ B. (15, 31, 58)
- ✗ C. (10, 26, 56)
- ✗ D. (12, 24, 40)

Q.71 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 1 6 1 5 5 2 4 8 4 9 1 8 7 3 3 6 9 1 2 6 2 1 2 7 4 9 3 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद एक सम संख्या है?

Ans
- ✗ A. 3
- ✗ B. 6
- ✓ C. 4
- ✗ D. 5

Q.72 यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '–' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**17 P 4 R 65 Q 5 S (34 Q 2) P 10 S 6 P 3 = ?**

Ans
- ✔ A. 243
- ✘ B. 215
- ✘ C. 191
- ✘ D. 258

Q.73 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

**GJH–LOM**
**HKI–MPN**

Ans
- ✔ A. VYW–ADB
- ✘ B. VXU–ZCA
- ✘ C. VXU–ADB
- ✘ D. VYW–ZDA

Q.74 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, LNRO, QSWT से एक निश्चित तरीके से संबंधित है। उसी प्रकार, TVZW, YAEB से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार, EGKH दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
- ✘ A. JMOU
- ✘ B. JLOM
- ✔ C. JLPM
- ✘ D. JKOM

Q.75 निम्नलिखित में से कौन-सा पद, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

**EQL 2 GMN 6 IIP 18 KER 54 ?**

Ans
- ✘ A. MAS 168
- ✘ B. MBS 158
- ✔ C. MAT 162
- ✘ D. MBT 158

Q.76 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**254 238 222 206 190 ?**

Ans
- ✘ A. 170
- ✘ B. 176
- ✘ C. 178
- ✔ D. 174

Q.77 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी पान, हुकुम हैं।
सभी इक्के, हुकुम हैं।
कोई हुकुम, कलम नहीं है।

निष्कर्ष:
(I): सभी इक्के, पान हैं।
(II): कोई पान, कलम नहीं है।

Ans
✔ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✘ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✘ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है.
✘ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.78 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको यह तय करना है कि कौन-से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: कुछ सैंडल, क्रोक हैं। सभी क्रोक, फ्लिपफ्लॉप हैं।
निष्कर्ष I: कुछ सैंडल, फ्लिपफ्लॉप हैं।
निष्कर्ष II: सभी फ्लिपफ्लॉप, क्रोक हैं।

Ans
✘ A. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
✔ B. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
✘ C. निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं
✘ D. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है

Q.79 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

END BRA YVX VZU ?

Ans
✘ A. RCQ
✘ B. TCR
✘ C. TES
✔ D. SDR

Q.80 दी गई श्रृंखला को देखिए और नीचे दिए गए प्रश्न के उत्तर दीजिए। सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं। गिनती बाएं से दाएं करनी है।

(बाएं) 4 7 2 8 1 5 6 9 3 8 2 4 7 1 9 5 3 6 8 2 7 4 1 9 5 (दाएं)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद एक विषम अंक है?

Ans
✘ A. पाँच
✘ B. दो
✘ C. चार
✔ D. तीन

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 2025 में पद्मश्री से सम्मानित थियाम सूर्यमुखी देवी किस शास्त्रीय नृत्य शैली के लिए प्रसिद्ध हैं?

Ans
✘ A. ओडिसी
✘ B. भरतनाट्यम
✔ C. मणिपुरी
✘ D. कुचिपुड़ी

**Q.82** 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष एकल खिताब किसने जीता?

Ans
- ✗ A. नोवाक जोकोविच
- ✗ B. डेनियल मेदवेदेव
- ✓ C. जैनिक सिनर
- ✗ D. राफेल नडाल

**Q.83** नवंबर 2025 में, किस भारतीय राज्य ने अपने पूरे क्षेत्र में संशोधित भारत नेट योजना (Bharat Net Scheme) को लागू किया, जिससे क्षेत्रीय विवादों से प्रभावित संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों में वास्तविक-समय पर निगरानी की जा सकेगी?

Ans
- ✗ A. गुजरात
- ✓ B. पंजाब
- ✗ C. हरियाणा
- ✗ D. राजस्थान

**Q.84** ICICI बैंक की न्यूनतम शेष राशि की आवश्यकता में वृद्धि से कौन-सा ग्राहक वर्ग प्रभावित होगा?

Ans
- ✗ A. 1 अगस्त 2025 से सभी मौजूदा बचत खाताधारक
- ✗ B. केवल ग्रामीण शाखाओं के खाते
- ✗ C. केवल संयुक्त खाताधारक
- ✓ D. 1 अगस्त 2025 से खोले गए केवल नए बचत खाते

**Q.85** जनवरी 2025 में आयरलैंड के खिलाफ एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच में राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए भारत की महिला टीम ने कितने रन बनाए?

Ans
- ✓ A. 435
- ✗ B. 425
- ✗ C. 430
- ✗ D. 400

**Q.86** अनिमेष कुजूर ने किस प्रतियोगिता में पुरुषों की 200 m स्पर्धा में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और कांस्य पदक जीता?

Ans
- ✗ A. दक्षिण एशियाई खेल
- ✓ B. एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप
- ✗ C. ओलंपिक
- ✗ D. विश्व चैंपियनशिप

**Q.87** 2025 में 100 m दौड़ में 9.86 s के समय के साथ विश्व का अब तक का सबसे तेज पुरुष (fastest man) कौन बन गया?

Ans
- ✗ A. फर्डिनेंड ओमानयाला (Ferdinand Omanyala)
- ✗ B. अकानी सिम्बाइन (Akani Simbine)
- ✗ C. बयांडा वालाज़ा (Bayanda Walaza)
- ✓ D. अब्दुल-रशीद समीनु (Abdul-Rasheed Saminu)

**Q.88** 22 से 26 सितंबर 2025 तक मुख्यालय एकीकृत रक्षा कार्मिक (HQ IDS) द्वारा संयुक्त सैन्य कार्रवाई समीक्षा और मूल्यांकन (CORE) कार्यक्रम कहाँ आयोजित किया गया था?

Ans
- ✗ A. इंडियन मिलिट्री एकेडमी, देहरादून, उत्तराखंड
- ✗ B. नेशनल डिफेंस एकेडमी, पुणे
- ✗ C. डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन, तमिलनाडु
- ✓ D. यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया, नई दिल्ली

**Q.89** **बाल सुरक्षा उपकरणों के संबंध में कर्नाटक उच्च न्यायालय ने नवंबर 2025 में किस महत्वपूर्ण कदम पर जोर दिया?**

Ans

- ✗ A. कर्नाटक में बच्चों की सुरक्षा उपकरणों के स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देना
- ✗ B. बाल सुरक्षा नियमों में ढील को अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया है।
- ✓ C. कर्नाटक में बच्चों के हेलमेट सुरक्षा नियमों का तत्काल कार्यान्वयन और प्रवर्तन।
- ✗ D. कर्नाटक के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के हेलमेट के उपयोग में सीमित छूट

**Q.90** **2025 में पहली-बार EASD डायबिटीज ग्लोबल इम्पैक्ट प्राइज से किसे सम्मानित किया गया है?**

Ans

- ✗ A. डॉ. देवी शेट्टी
- ✗ B. डॉ. सौम्या स्वामीनाथन
- ✗ C. डॉ. रणदीप गुलेरिया
- ✓ D. डॉ. वी. मोहन

**Q.91** **अगस्त 2025 में भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ (EAEU) ने मुक्त व्यापार समझौते (FTA) की दिशा में एक कदम के रूप में निम्नलिखित में से किस बहुपक्षीय वार्ता पर हस्ताक्षर किए?**

Ans

- ✓ A. FTA के लिए भारत-EAEU संदर्भ की शर्तें (ToR) [India-EAEU Terms of Reference (ToR) for an FTA]
- ✗ B. भारत-EAEU रक्षा समझौता (India-EAEU Defence Pact)
- ✗ C. भारत-EAEU सांस्कृतिक आदान-प्रदान समझौता (India-EAEU Cultural Exchange Agreement)
- ✗ D. भारत-EAEU व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (India-EAEU Comprehensive Economic Partnership Agreement)

**Q.92** **मार्च 2025 में, जलवायु समाधान और साझेदारी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भारत में कौन सा शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था?**

Ans

- ✗ A. आसियान (ASEAN) पर्यावरण बैठक
- ✗ B. आर्कटिक काउंसिल फोरम
- ✓ C. विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन
- ✗ D. जलवायु वार्ता के लिए G7 शिखर सम्मेलन

**Q.93** **अगस्त 2025 में, गुजरात में विश्व शेर दिवस समारोह किस वन्यजीव अभ्यारण्य में आयोजित किया गया, जहाँ एक प्रमुख संरक्षण और इको-टूरिज्म पहल पर भी प्रकाश डाला गया?**

Ans

- ✓ A. बरदा वन्यजीव अभयारण्य
- ✗ B. कच्छ रेगिस्तान वन्यजीव अभयारण्य
- ✗ C. हिंगोलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य
- ✗ D. पनिया वन्यजीव अभयारण्य

**Q.94** **दीपा भस्थी द्वारा अनुवादित बानू मुश्ताक के किस संग्रह ने अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार, 2025 जीता?**

Ans

- ✗ A. दि ओरिजिनल (The Original)
- ✗ B. हंचबैक (Hunchback)
- ✓ C. हार्ट लैंप (Heart Lamp)
- ✗ D. अंडर दि आई ऑफ दि बिग बर्ड (Under the Eye of the Big Bird)

**Q.95** **दिसंबर 2024 में, महिलाओं में वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरियाणा में निम्नलिखित में से कौन-सी योजना शुरू की गई?**

Ans

- ✗ A. नारी सुरक्षा योजना
- ✗ B. सखी सुरक्षा प्लान
- ✓ C. बीमा सखी योजना
- ✗ D. बीमा शक्ति स्कीम

**Q.96** उत्कर्ष ओडिशा - मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव, 2025, ________ में आयोजित किया गया था।

Ans
- ✗ A. पुरी
- ✗ B. कोरापुट
- ✗ C. संबलपुर
- ✓ D. भुवनेश्वर

**Q.97** फरवरी 2025 में प्रकाशित एक बहु-पीढ़ीगत समलैंगिक उपन्यास 'डेविएंट्स' के लेखक ..................हैं।

Ans
- ✓ A. सांतनु भट्टाचार्य
- ✗ B. आरिया अबर
- ✗ C. अमिताव घोष
- ✗ D. अखिल पी धर्मजन

**Q.98** निम्नलिखित में से कौन-सा, लद्दाख में स्थित भारत का पहला पूर्णतः रोबोटिक टेलीस्कोप है जिसने जुलाई 2024 में एक विशाल क्षुद्रग्रह की पृथ्वी के निकट से गुजरने के दौरान तस्वीरें लीं?

Ans
- ✗ A. न्यू-इंडिया (NEW-India)
- ✗ B. कलाम-इंडिया (KALAM-India)
- ✗ C. अमृत-इंडिया (AMRUT-India)
- ✓ D. ग्रोथ-इंडिया (GROWTH-India)

**Q.99** सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने में ग्लोबल साउथ के देशों का समर्थन करने हेतु भारत द्वारा अगस्त 2025 में निम्नलिखित में से किसकी शुरुआत की गई?

Ans
- ✗ A. दक्षिण-दक्षिण SDG सशक्तिकरण कार्यक्रम (South-South SDG Empowerment Programme)
- ✓ B. भारत-संयुक्त राष्ट्र वैश्विक क्षमता निर्माण पहल (India-UN Global Capacity Building Initiative)
- ✗ C. विकासशील देशों के लिए सतत विकास लक्ष्य साझेदारी (SDG Partnership for Developing Nations)
- ✗ D. सतत विकास और क्षमता निर्माण साझेदारी (Sustainable Development and Capacity Building Partnership)

**Q.100** 2025 में, रक्षा मंत्रालय ने भविष्य की पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों जैसे कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, हाइपरसोनिक हथियार, युद्धपोतों के लिए परमाणु प्रणोदन और अगली पीढ़ी की युद्ध प्रणालियों पर जोर देते हुए एक दीर्घकालिक रोडमैप का अनावरण किया। निम्नलिखित में से किस योजना/रोडमैप का नाम है?

Ans
- ✗ A. रक्षा आधुनिकीकरण कार्यक्रम 2025
- ✗ B. मेक-इन-इंडिया रक्षा मिशन 2025
- ✓ C. प्रौद्योगिकी परिप्रेक्ष्य और क्षमता रोडमैप 2025
- ✗ D. दीर्घकालिक एकीकृत परिप्रेक्ष्य योजना 2025

"